भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2124

बुधवार, 04 मार्च, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए

जीआई टैग प्रदान करने में विलंब

2124 श्री प्रदीप कुमार सिंहः
श्रीमती गीताबेन वी. राठवाः
श्री परबतभाई सवाभाई पटेलः
श्री नारणभाई काछड़ियाः
श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः
श्री निशीथ प्रामाणिकः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ज्योग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) टैग प्रदान करने में विलंब को कम करने हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त पहलू के संदर्भ में गुजरात, बिहार और पश्चिम बंगाल राज्यों सहित आज तक राज्य-वार कुल कितने भारतीय उत्पादों को जीआई टैग जारी किए गए हैं?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

(क): भौगोलिक संकेतक, भौगोलिक संकेतक माल (पंजीकरण एवं संरक्षण) अधिनियम, 1999 और भौगोलिक संकेतक माल (पंजीकरण एवं संरक्षण) नियम, 2002 द्वारा निर्धारित समय सीमा के अनुसार पंजीकृत हैं।

एक आवेदक को जीआई अधिनियम और नियमों में उल्लिखित आवश्यक कानूनी आवश्यकताओं का पालन करना होता है। जब, आवेदक जीआई अधिनियम और नियमों में निर्धारित आवश्यकताओं का अनुपालन करता है, तो जीआई पंजीकरण औसतन 12 से 18 महीने की समय सीमा के भीतर प्रदान किए जाते हैं। चूंकि जीआई आवेदन पारंपरिक हस्तशिल्प / कृषि उत्पादों से संबंधित हैं, इसलिए आवेदक को ऐतिहासिक

प्रतिष्ठा और भौगोलिक विशिष्टता स्थापित करने के लिए आवश्यक दस्तावेज और तकनीकी रिपोर्ट एकत्र करना होता है। आवेदक की ओर से अनुपालन में समय लगता है, जिससे समग्र पंजीकरण प्रक्रिया में देरी होती है।

(ख) 24.02.2020 की स्थिति के अनुसार, कुल 362 जीआई आवेदन पंजीकृत किए गए हैं, जिसमें से 347 भारतीय जीआई आवेदन (318 – भारतीय जीआई उत्पाद और 29 जीआई लोगो आवेदन) हैं और शेष 15 जीआई विदेशी जीआई आवेदनों के लिए पंजीकृत किए गए हैं। दिनांक 02.03.2020 की स्थिति के अनुसार पंजीकृत जीआई आवेदनों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

<u>अनुबंध</u>

<u>लोक सभा में दिनांक 04.03.2020 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2124 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध</u>

दिनांक 02.03.3020 की स्थिति के अनुसार पंजीकृत भारतीय जीआई की राज्य-वार सूची

क्रम संख्या	राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश	पंजीकृत जीआई की संख्या
1	आंध्र प्रदेश	17
2	अरुणाचल प्रदेश	2
3	असम	9
4	बिहार	13
5	छत्तीसगढ़	6
6	गोवा	2
7	गुजरात	15
8	हिमाचल प्रदेश	8
9	जम्मू और कश्मीर	7
10	कर्नाटक	42
11	केरल	28
12	मध्य प्रदेश	10
13	महाराष्ट्र	30
14	मणिपुर	4
15	मेघालय	2
16	मिजोरम	6
17	नागालैंड	3
18	ओडिशा	17
19	पांडिचेरी	2
20	राजस्थान	14
21	सिक्किम	1
22	तमिलनाडु	35
23	तेलंगाना	14
24	त्रिपुरा	1
25	उत्तर प्रदेश	26
26	उत्तराखंड	1
26	पश्चिम बंगाल	21
	उपर्युक्त भौगोलिक संकेतकों के अलावा, एक से अधिक राज्यों में पंजीकृत उसी जीआई की संख्या	11
	पंजीकृत भारतीय जीआई की कुल संख्या	**347**

*****